BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 06 सितम्बर, 2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना अहमदगढ़**

कुख्यात बदमाशों से स्वाट टीम व थाना अहमदगढ़ पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 25-25 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित 02 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आंज दिनांक 06.09.2024 को थाना अहमदगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि 02 बदमाश जो पूर्व प्रधान की हत्या में सामिल थे, उनको ग्राम पापड़ी व ग्राम ढकनगला के बीच नहर पटरी पर जंगल में जाते देखा गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर स्वाट टीम व सर्किल के अन्य थानों को आरटी सैट के जरिये अवगत कराया गया स्वाट टीम, थाना शिकारपुर पुलिस, थाना पहासू पुलिस व थाना अहमदगढ़ पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। चैकिंग के दौरान 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया तो नहीं रुके व तेजी से भगाने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर बदमाशों को घेर लिया गया। जिस पर बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश गोली लगने से घायल हुए, जिनको गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 1. साजिद पुत्र मंसूर निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना जवां जनपद अलीगढ़ 2. सुरेन्द्र पुत्र कान्तिप्रसाद निवासी नंदग्राम उतरांचल कॉलोनी थाना नंदग्राम जनपद गाजियाबाद के रुप में हुई हैं। घायल बदमाशों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। **उल्लेखनिय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर दिनांक 30-08-2024 को थाना अहमदगढ क्षेत्रान्तर्गत गांव ढक नंगला के पूर्व प्रधान रामवीर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना अहमदगढ पर मुअसं-215/24 धारा 103(1),61(2) बीएनएस पंजीकृत हैं।** उपरोक्त दोनो अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलन्दशहर महोदय द्वारा 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. साजिद पुत्र मंसूर निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना जवां जनपद अलीगढ़।
2. सुरेन्द्र पुत्र कान्तिप्रसाद निवासी नंदग्राम उतरांचल कॉलोनी थाना नंदग्राम जनपद गाजियाबाद।

बरामदगी-

1- 02 तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा, 02 खोखा कारतूस।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहमदगढ़ पर अग्रिम वैधानिक कार्यावाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जायेगा।

अभियुक्त साजिद का आपराधिक इतिहास-

1- मुअस- 216/24 धारा 109/317(5) बीएनएस व 3/25/27 शस्त्र अधि0 थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअस- 215/24 धारा 103(1)/62(2)बीएनएस थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअस- 216/24 धारा 109/317(5) बीएनएस व 3/25/27 शस्त्र अधि0 थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त सुरेन्द्र का आपराधिक इतिहास-

1- मुअस- 1295/15 धारा 379/411/420 भादवि थाना इन्द्रापुरम जनपद गाजियाबाद।
2- मुअस- 925/15 धारा 420 भादवि थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद।
3- मुअस- 125/17 धारा 147/148/149/307/398/401/414/420 भादवि थाना दौराला जनपद मेरठ।
4- मुअस- 126/15 धारा 25 शस्त्र अधि0 थाना दौराला जनपद मेरठ।

5- मुअस- 216/24 धारा 109/317(5) बीएनएस व 3/25/27 शस्त्र अधि0 थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

6- मुअस- 215/24 धारा 103(1)/62(2)बीएनएस थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर।

7- मुअस- 216/24 धारा 109/317(5) बीएनएस व 3/25/27 शस्त्र अधि0 थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री राजेश कुमार थाना प्रभारी थाना अहमदगढ़।

2- उ0नि0 दानिश रजा, उ0नि0 विजय प्रताप सिंह, उ0नि0 विपिन कुमार, उ0नि0यू0टी राकेश कुमार

3- है0का0 विपिन कुमार, है0का0 सुनील कुमार, का0 मौ0 आकिल

स्वाट टीम-

1- उ0नि0 श्री राहुल चौधरी, प्रभारी स्वाट टीम।

2- है0का0 कपिल नैन, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 मनीष त्यागी, का0 सचिन चौहान, का0 नरेंद्र कुमार, का0 रोहित कुमार, का0 अमित कुमार

मीडिया सेल बुलंदशहर